# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय,
## डॉ. आम्बेडकर नगर (महू)

**ऑफिस स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री, कम्प्यूटर टोनर एवं फोटोकॉपी टोनर/काटरेज, इलेक्ट्रिकल एवं सफाई सामग्री कय निविदा**

## *निविदा की शर्ते*

1. कार्यालयीन **1.** ऑफिस स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री **2.** कम्प्यूटर टोनर, फोटोकॉपी टोनर/काटरेज **3.** इलेक्ट्रिकल एवं सफाई सामग्री हेतु निविदा पृथक–पृथक आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक निविदा पर कार्यालयीन स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री, कम्प्यूटर टोनर, फोटोकॉपी टोनर, इलेक्ट्रिकल एवं सफाई सामग्री हेतु पृथक–पृथक रुप से प्रस्तुत किया जाना है, एवं निविदा पर सामग्री का उल्लेख स्पष्ट किया जाना होगा ।
2. निविदाकार स्वंय की फर्म के स्थायी खाता क्रमांक ( **PAN** ) टीन/जी.एस.टी. पंजीयन, सेल टेक्स क्लियरेंस सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों की सत्यापित छायाप्रतियाँ निविदा के साथ प्रस्तुत करें।
3. वर्ष 2021–22 आयकर रिटर्न संबंधी प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित छायाप्रति।
4. निविदाकार अपने फर्म के स्थायी पते के लिए कृपया समस्त सम्पत्तिकर/टेलीफोन बिल/गुमास्ता लाइसेंस/नगर निगम लाईसेंस बिल/विद्युत बिल इसमें से कोई भी एक प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अधिकृत विक्रेताओं को इस आशय का अधिकृत प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदा प्रपत्र में सामग्री की दर एवं कर दर्शाते हुए उसका योग भी अनिवार्य रूप से दर्शाए। दरें दर्शाते समय यह विशेष रूप से ध्यान रखे कि सभी प्रकार के करों का समावेश कर लिया गया हो अतः दर एवं कर पृथक पृथक दर्शा कर उनका योग भी दर्शाए। इसके अतिरिक्त अन्य जो भी कर सामान्यतः देय होते है उनका स्पष्ट उल्लेख किया जाकर निविदा पत्रक में राशि का दर्शाना आवश्यक है। दर्शाई गई दरे, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशासकीय परिसर स्थित भण्डार विभाग में सामग्री पहुंचाने एवं उसे भंडार भवन में व्यवस्थित रखने तक के समस्त व्यय को सम्मिलित कर दी जाये।
7. निविदा के साथ किसी प्रकार की कोई शर्ते मान्य नही होगी।
8. निविदा के अनुसार वित्तीय बिड के वांछित सामग्री की अनुमानित आवश्यकता की दरों को विश्वविद्यालय द्वारा नियमान्तर्गत स्वीकृत किया जाने के पश्चात स्वीकृत दरें एक वर्ष के अवधि के लिये लागू रहेगी। इस संबंध में सफल निविदाकर्ता एवं विश्वविद्यालय के मध्य अनुबंध किया जावेगा तथा दोनों पक्षों की सहमति से अनुबंध को एक वर्ष ओर वर्ष बढ़ाया जा सकेगा।
9. सामग्री की आपूर्ति विश्वविद्यालय से आदेश देने के तीन दिनों के भीतर प्रदाय करना आवश्यक होगा।
10. विश्वविद्यालय द्वारा जिस प्रकार की स्टेशनरी एवं सामग्री की मांग की गई है वही प्रदाय की जाना अनिवार्य है। वस्तु के मेक एवं साईज का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। साथ ही सामग्री का नमूना संलग्न हो। निविदा की वांछित गुणवत्ता के अनुसार प्रस्तुत सामग्री को नमुनों की गुणवत्ता परीक्षण करने के पश्चात ही निविदा स्वीकृत की जावेगी। सामग्री के नमूने प्राप्त न होने के स्थिति में निविदा स्वीकार नही की जायेगी। यदि स्वीकृत दर वाली फर्म निर्धारित अवधि में स्टेशनरी एवं सामग्री प्रदाय नही करती है तो फर्म की जमा सुरक्षा राशि जप्त की जाकर फर्म को 05 वर्षों के लिए ब्लेक लिस्ट में कर दिया जायेगा।
11. निविदा प्राप्ति के समय पृथक–पृथक निविदा शुल्क राशि रूपयें 500/–का डिमान्ड डाफ्ट भण्डार विभाग में जमा कर, सामग्री की सूची एवं अन्य शर्ते प्राप्त करेगे।

12. प्रत्येक निविदा के साथ सुरक्षा निधि हेतु राशि रूपयें 10000/— का डिमान्ड डाफ्ट, कुलसचिव, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) के नाम से देयक होगा, जिसे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करें। उपरोक्त राशि प्रथम कय आदेश जारी करने की दिनांक से एक वर्ष की समयावधि में आवेदन प्रस्तुत करने पर नियमानुसार वापस की जा सकेगी। जिस फर्म की निविदा स्वीकृत नही हो पाती उन्हें जमा सुरक्षा राशि वापिस लेने की अवधि एक वर्ष है। फर्म द्वारा निर्धारित अवधि में राशि वापिस न लेने पर जमा सुरक्षा राशि जप्त हो जावेगी।
13. निविदाकार का उस सामग्री का व्यापारी होना एवं उस सामग्री विकय करने का गुमास्ता लाइसेन्स होना आवश्यक है, जिस निविदा में वह भाग ले रहा है।
14. सुरक्षा निधि का डी.डी. निविदा के साथ प्राप्त न होने की दशा में निविदा मान्य नही की जावेंगी।
15. निविदा कि दरों में एस.जी.एस.टी. एवं सी.जी.एस.टी. प्रतिशत कि राशि सम्मिलित नही होगी, जिसे पृथक से दर्शाना होगा। सामग्रियो की संख्या घटाई/बढाई जा सकती है।
16. विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य करना होगा।
17. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में कुलसचिव, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) को विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से निर्धारित तिथि/21 दिवस के भीतर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार की जावेगी। डाक व्यवस्था में विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय जिम्मेदार नही होगा। निविदा अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त किये गये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नही किया जावेगा।
18. निविदा प्रपत्रों एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मुहर लगाकर हस्ताक्षर करना आवश्यक होगा। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नही किया जायेगा।
19. निर्धारित निविदा प्रपत्र राशि व निर्धारित सुरक्षा निधि जमा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
20. निविदाकर्ता को अग्रिम भुगतान नही किया जाऐगा।
21. निविदाएं प्राप्त होने के बाद निविदाकर्ता को निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन या संशोधन करने की अनुमति नही दी जाएगी।
22. स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गयी सुरक्षा निधि राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
23. किसी भी संस्था द्वारा फर्म को ब्लैक लिस्ट नही किए जाने का प्रमाण पत्र।
24. निविदा भरे जाने का अर्थ होगा कि निविदाकार को निविदा की सभी शर्ते मान्य है। निविदा प्राप्त होने के बाद निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन परिवर्तन मान्य नही होगा। किसी भी फर्म की पूर्ण निविदा अथवा उसके किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार कुलसचिव, ब्राउस को रहेगा। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में मान. कुलपति जी के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जावेगा तथा उनका निर्णय सर्वमान्य होगा।
25. उपरोक्त शर्तो का पालन न होने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा कभी भी निविदा निरस्त करते हुए सुरक्षा निधि का राजसात कर लिया जावेंगा ।
26. न्यायालयीन विवाद की स्थिति में प्रकरण न्यायालयीन क्षेत्राधिकार डॉ. अम्बेडकर नगर (महू), जिला—इन्दौर मध्यप्रदेश का होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपि,

1. विश्वविद्यालय वेबसाईड **http://www.brauss.mp.gov.in** पर अपलोड किये जाने हेतु।

कुलसचिव

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) म.प्र.

कमांक : ब्राउस / कुल. / भंण्डार / 2022 / 925 दिनांक : 26 / 08 / 2022

## निविदा विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय में समय–समय पर कार्यालयीन उपयोग में आने वाली सामग्री हेतु कार्यालयीन ऑफिस स्टेशनरी, कम्प्यूटर स्टेशनरी / फोटोकॉपी टोनर / काटरेज, इलेक्ट्रिकल सामग्री एवं सफाई सामग्री हेतु पृथक–पृथक कय किये जाने हेतु अधिकृत विकेताओं / फर्मो एवं सहकारी संस्थाओं से निविदा प्रकाशित दिनांक से 21 दिवस के अंदर एक वर्ष के लिए दरे निर्धारण हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। रेट कान्ट्रेक्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार वर्ष भर सामग्रिया कय की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए निविदा की शर्ते एवं सामग्री की सूची कार्यालय से कार्यालयीन दिवस / समय में रुपये 500/– निविदा शुल्क का डी.डी. कुलसचिव, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविधालय, महू के नाम विश्वविद्यालय के भण्डार विभाग में जमा कर सामग्री कि सूची, प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट **http://www.brauss.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

कुलसचिव


पत्रिका patrika.com

05

इंदौर, शनिवार, 27 अगस्त 2022

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) म.प्र.

निविदा विज्ञप्ति

http://www.brauss.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

पालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग रतलाम

दैनिक समाचार प्रत्र "पत्रिका" में प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 27.08.2022 के नुसार 21 दिवस के भीतर (दिनांक 16.09.2022 तक) निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार की जावेगी।